हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 जनवरी 2024

11 भेरा के पावर हाउस पर बिजली समस्या को लेकर....



12 हनुमान जोहड़ी मंदिर में सुना पीएम की मन की बात ...









# थमे ट्रकों के पहिए, नए कानून को लेकर बिफरे ट्रक ड्राइवर

## हड़ताल से रोजमर्रा की फल, सब्जियां, दूध आदि जरूरत के सामान के भाव में होगी बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

केंद्र सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत ई.टेंडरन मामले में दोषी पाए जाने पर सात लाख रुपये का जुर्माना व 10 साल तक की सजा के प्रावधान के खिलाफ देश भर के ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं तथा इस काले कानून को वापिस लेने की मांग कर रहे है। इसी के तहत भिवानी में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के आह्वान पर भिवानी के जनता ट्रक यूनियन के बैनर तले सैंकड़ों ट्रक ड्राइवरों ने रविवार को हड़ताल रखी तथा इस कानून की वापसी की मांग की।

नए कानून के तहत कोई भी ट्रक चालक या वाहन से जब किसी व्यक्ति को चोट लग जाती है तो उस व्यक्ति को तुरंत अस्पताल में ना पहुंचाए जाने का दोषी पाए जाने पर नए कानून के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना तथा अधिकतम सात साल तक की सजा दिए जाने का प्रावधान है। भारत में 28 लाख से ज्यादा ट्रक चालक 100 अरब किलोमीटर की दूरी तय करते है। इन ट्रकों पर 50 लाख से अधिक कार्य करते हैं। ऐसे में ट्रकों के माध्यम से होने वाली सड़क दुर्घटनाएं भी आम देखने को मिलती है। भिवानी दि जनता ट्रक यूनियन के जिला प्रधान बिन्नू शेखावत, ट्रक चालक अजीत सिंह, संजय, राहुल व लक्ष्मण ने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री से आह्वान करते है कि इस काले कानून को जल्द से जल्द वापिस ले, अन्यथा वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। ट्रक चालकों ने तर्क दिया कि ट्रक से दुर्घटना होने पर आम लोग ट्रक चालक को घेरकर पीटने की प्रवृत्ति आम है। ऐसे में घायल को अस्पताल पहुंचाना उनके लिए संभव नहीं है। ऐसे में 10 लाख का जुर्माना व पांच से सात साल तक की सजा का प्रावधान गलत है। इस कानून को तुरंत वापिस लिया जाना चाहिए। ट्रक ड्राइवरों ने कहा कि उन्हे मात्र 10 से 15 हजार रुपये तनख्वा मिलती है, ऐसे में 10 लाख का जुर्माना भरना संभव नहीं है।



- ई.टेंडरन मामले में दोषी पाए जाने पर सात लाख रुपये का जुर्माना व 10 साल तक की सजा के प्रावधान का विरोध कर रहे हैं ट्रक डाइवर



### ट्रक ड्राइवरों के संघर्ष को मिला भाकियू का समर्थन

हालही में संसद में कई कानूनों में बदलाव किया गया है। इसी में ट्रक ड्राईवरों के लिए भी एक नया कानून लाया गया है, जिसके तहत ट्रक से हादसा होने पर ट्रक ड्राइवर द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना होगा। यही नहीं ड्राइवर द्वारा घायल को छोडक़र भागने पर 10 वर्ष की सजा एवं 10 लाख रुपये तक जुर्माना तथा अस्पताल ले जाने पर पांच लाख रुपये का जुर्माना व पांच वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। भिवानी में भी ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर है तथा इस कानून को काला कानून बता है तथा इसके विरोध में एक से तीन जनवरी तक भिवानी-दादरी रोड़ पर स्थित कितलाना टोल पर भिवानी व चरखी दादरी के ट्रक ड्राइवरों द्वारा चक्का जाम किए जाने का आह्वान किया गया। ट्रक ड्राइवरों की मांग का समर्थन करते हुए भाकियू चंढूनी के जिला प्रधान राकेश आर्य ने कहा कि इस नए कानून का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने कहा कि ये कानून ऐसा है, जो ड्राइवरों को काम छोड़ने पर मजबूर कर देगा।

## मगनानंद साहेब की जयंती पर निगाणा में सत्संग आज

**भिवानी।** आनंद परमानंद सतगुरु मगनानंद साहेब सत्संग आश्रम डेरा सतगुरु प्रीतानंद साहेब धाम निगाणा में 1 जनवरी को परम सतगुरु प्रीतानंद साहेब की 105वीं जयंति पर हर वर्ष की तरह दिन में 11 बजे से 1:30 बजे तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। सत्संग में संतो के दोहे, शब्दवाणी, हेली तथा मंगल गाये जाएंगे। साथी भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। सत्संग में जरूरतमंद को कंबल, शाल व चदर वितरित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सेवादारा सुधानंद ने बताया कि सतगुरू बाबू साहेब उनके जीवन कार्योंर्, सतगुरू की शरण, विश्वास तथा प्रतीत के बारे में बताएंगे। सतगुरू मगनानंद साहेब की याद में बनवाया दूसरा चुड़ैली.फैजाबाद तथा तीसरा बीराण चुरू राजस्थान में भी बनवाया सत्संग करना और सगत पर उनकी दया अनूठी रही। जहां पंचमी और दशमी को वहां जाकर सत्संग करते रहे। राजस्थान की राजधानी जयपुर में दो प्लाट वर्ष 2003 में लिए तथा अब वहां की संगत और निगाणा आश्रम के सहयोग से शानदार आश्रम बन रहा है।

## डीसी ने जिलावासियों को दीं नए साल की शुभकामनाएं

**भिवानी।** डीसी नरेश नरवाल ने सभी जिलावासियों को नव वर्ष 2024 की सुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही कहा है कि नया साल जिले की समृद्धि के साथ साथ नागरिकों के लिए खुशियों भरा हो। अपनी शुभकामनाएं देते हुए डीसी ने कहा है कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों के कल्याण के अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। जिला प्रशासन का हर संभव प्रयास रहता है कि पात्र और जरूरत लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेए इसके लिए समय समय पर सबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जाते हैं। 2023 में प्रशासन ने अंत्योदय उत्थान मेलों और जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की शिकायतें दूर करने का भरपूर प्रयास किया है। लोगों को सरकार की ऑनलाइन नीति के माध्यम से लोगों को पारदर्शिता के साथ सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अनेक लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान हुआ है, जिससे नागरिकों को राहत मिली। उन्होंने नागरिकों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया है कि वे विकास में अपना सहयोग दें।

# राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता रामकिशन को सेवानिवृत पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेठ हरनाम दास राजकीय वमा विद्यालय लोहारी जाटू में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता रामकिशन भाटी सेवानिवृत हो गए। प्रवक्ता रामकिशन की सेवानिवृति पर प्राचार्य सत्यपाल दहिया ने उन्हें उन्हें शुभाकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रामकिशन ने 28 वर्ष के अध्यापन कार्य के साथ-साथ विभिन्न जिम्मेदारियां निभाई हैं, जिसमें एनसीसी अधिकारी, स्काउट मास्टर लीडर ट्रेनर, रेडक्रास ब्रिगेड ऑफिसर, डीडीओ, एबीआरसी, एमटी, ट्रेजरी कर्लक आदि शामिल हैं।

समारोह में मंच का संचालन करते हुए प्रवक्ता जयबीर सिंह ने बताया कि रामकिशन ने अपने शैक्षणिक जीवनकाल में हजारों एनसीसी कैडेटस, स्काउटस व जुनियर (रेडक्रास) विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों को तैयार कर देशसेवा की प्रेरणा देकर उन्हें विभिन्न विधाओं में परिपूर्ण किया है। अपनी सेवानिवृति पर प्रवक्ता रामकिशन ने कहा कि विद्यालय स्टाफ व बच्चों ने उन्हें जो प्यार व स्नेह दिया, उसे वे कभी भुला नहीं सकते। इस अवसर पर प्रवक्ता सजेन्द्र, राजीव, डीपीई मुकेश, सुशीला, सुमन, प्रियंका रोहिल्ला, प्रवेश, शीतल, सतेन्द्र, अनीता, दिनेश, शमशेर आदि मौजूद रहे।



### कंवर साहेब महाराज ने प्रवचनों से किया निहाल

# माया जाल में उलझा इंसान, परमार्थ को भूला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिसका प्रारम्भ अच्छा उसका अंत भी अच्छा ही होता है ऐसे में आने वाले नव वर्ष की शुरुआत परमात्मा की भक्ति से करो। आदि अंत मध्य में है ही परमात्मा तो उसको याद भी तो हमेशा ही रखना चाहिए, लेकिन इंसान इस माया जाल में इतना उलझ गया कि वो इस परमार्थ को ही भूल गया। संत इसी भूली हुई बात को याद दिलाने आते हैं।

यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने नववर्ष पर होने वाले सत्संग की पूर्व संध्या पर सेवा कार्य के लिए एकत्रित हुए सेवादारों को फरमाया। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि ये बीतता हुआ वर्ष साध संगत के लिए बहुत अच्छा बीता। अब जब नया वर्ष शुरू होने वाला है तो हम बीते हुए वक़्त के अच्छे बुरे समय का मूल्यांकन करके हम बीती से सबक लेकर आने वाला अच्छा कर सकते हैं। हर कोई ये मूल्यांकन करता है। व्यापारी, किसान,दुकानदार,गृहस्थी तो फिर परमार्थ के रास्ते पर चलने वाला साधक को भी अपना मूल्यांकन करना चाहिए, क्योंकि परमात्मा मिलन का यही अवसर है। अब जब हमें यह नर देह मिल गई तो हम हिसाब लगाए कि हमने कितना वक्त परमात्मा की भक्ति को दिया है। क्या पता कब सांसो की ये डोर टूट जाये। क्या पता कब ये देह खेह हो जाये। राई घटेगी ना तिल बढ़ेगा तो क्यों नहीं चेत रहे। सन्तो के वचन को पकड़ो बीत गई उसे भूल जाओ और आगे की सुध विचार करो। गुरु महाराज ने कहा कि सांसारिक वस्तुओं के नफा नुकसान में तो हम सिर पटकते हैं लेकिन एक एक सांस जो लाल के मोल की है उसको व्यर्थ जाया कर रहे हैं।



## नर्सिंज छात्राओं को मिलेगा अपना भवन

इस साल सामान्य अस्पताल में स्थित नर्सिंज छात्राओं को जर्जर हो चले हॉस्टल की जगह नया भवन मिलने की उम्मीद है। विधायक घनश्याम सर्राफ ने उक्त भवन के निर्माण के लिए प्रस्तावित योजना बनाकर सरकार के पास भेज दिया है। उम्मीद है कि उक्त भवन के लिए बजट जारी होते ही कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए विधायक घनश्याम सर्राफ ने सीएम मनोहर लाल से भी उक्त भवन के लिए बजट जारी करवाए जाने की गुजारिश की है।

## मानहेरू सीएचसी को मिलेगा नया भवन

अगर सही ढंग से कार्य चलता रहा तो नए साल के दूसरे या तीसरे माह में गांव मानहेरू में सीएचसी अस्पताल को नया भवन मिल जाएगा। हालांकि अभी सीएचसी के भवन के निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है,लेकिन भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सीएचसी नए भवन में संचालित होगी।

## खेतों के रास्ते पक्के होने की उम्मीद

जिस गति से खेतों की रास्ते पक्के करने की प्रस्तावित योजना चल रही है। उस गति से चलती रही तो नए साल में जिले के अधिकांश गांव व कस्बों के किसानों के खेतों के रास्ते पक्के होने शुरू हो जाएगें। चूंकि बवानीखेडा व भिवानी हलके के खेतों के रास्ते पक्के करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। जिनके जनवरी माह में टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो जाएगी। उसके बाद खेतों के रास्ते पक्के करने का कार्य शुरू हो जाएगा।

# 80 करोड़ की योजना से बढ़ेगी आठ गांवों के खेतों में हरियाली

**भिवानी।** अब शहर के लगते गांव के खेतों के दिन बहुरने वाले है। पानी के अभाव में किसानों के खेत बिना सिंचाई के नहीं रहेंगे। सरकार की 80 करोड़ रुपये की योजना से पब्लिक हेल्थ के एसटीपी से सीवर का पानी साफ करके आठ गांवों के खेतों में पहुंचाया जाएगा। हालांकि अभी इस योजना को पूरा होने में समय लग सकता है,लेकिन अगले साल (2024) में ढाणा लाडनपुर, ढाणा नरसान, अजीतपुर, गौरीपुर, कितलाना, हालवास, प्रहलादगढ़,नीमड़ीवाली, रूपगढ़ में इस पानी से खेतों से सिंचाई हो पाएगी। दो विभाग के सहयोग से इस योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। फिलहाल इस इस योजना में पब्लिक हेल्थ का कार्य पूरा हो चुका है,लेकिन सिंचाई विभाग का इस योजना का 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है । सिंचाई विभाग की तरफ से कार्य पूरा होते ही इन गांवों के खेतों को पानी मिलने लगेगा। इन गांवों में हरियाली बढ़ेगी। विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया कि इस योजना से इन गांवों के खेतों की सिंचाई होगी। पानी साफ करके खेतों तक पहुंचाया जाएगा। नए साल में इस योजना के तहत किसानों के खेतों में पानी पहुंचना शुरू हो जाएगा।

- **सीवर के पानी को साफ करके किसानों के खेतों पहुंचाएगा सिंचाई विभाग**



## सर छोटूराम स्तम्भ बनेगा



महम रोड स्थित बड़ चौक को वर्ष 2024 में दीनबंधु सर छोटूराम के नाम से जाना जाएगा। इस जगह पर सर छोटूराम की स्तम्भ बनाया जाएगा, जो लगभग 11 लाख रुपये की लागत से तैयार होगा। सर छोटूराम के स्तम्भ का भाखड़ा डेम सहित देशभर की सभी नदियों के पानी से स्नान करवाकर लोकार्पण किया जाएगा, क्योंकि संयुक्त भारत पाकिस्तान के समय 8 जनवरी 1945 को सूबे के कृषि मंत्री रहते हुए सर छोटूराम ने भाखड़ा डेम को मंजूरी दी थी, जिनकी वजह से पाकिस्तान में व्यर्थ बहने वाला पानी पंजाब व हरियाणा को मिल पाया। स्तम्भ के लोकार्पण के समय सभी धर्मों व जातियों के लोगों को निमंत्रण दिया जाएगा।

## लोगों को मिलेगा मेडिकल कॉलेज



कई वर्षों से शहर के लोगों की मुरीद पूरी होने जा रही है। मेडिकल कॉलेज की ख्वाहिश 2024 में पूरी होने की प्रबल उम्मीद है। हालांकि अभी मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा होने में एक दो माह का समय लगेगा,लेकिन अप्रैल मई तक कॉलेज में कार्य शुरू हो जाएगा। उक्त मेडिकल कॉलेज के भवन पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए है।



## 14 किलोमीटर लंबा मिलेगा बाईपास

अगर कोई तकनीकी अड़चन नहीं आई तो अगले साल(2024) के मध्य तक रोहतक रोड से लेकर तिगड़ाना मोड़ तक बाईपास से वाहन फर्राटा भरते नजर जाएंगे। क्योंकि इस मार्ग पर मिट्टी भराई का कार्य तो पूरा हो चुका है। अब बाईपास पर पुल व ओवरब्रीज बनाने की प्रक्रिया जारी है। अगर कोई तकनीकी अड़चन नहीं आई तो साल के मध्य तक रोड पर वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। यह बाईपास करीब 14 किलोमीटर लंबा पड़ता है।

## चकाचक होगा स्टेशन




भिवानी में दो रेलवे स्टेशन है। भिवानी जक्शन को करोड़ों रुपये की लागत से सुधारा जा रहा है। यहां पर यात्रियों के लिए सुविधाए जुटाई जा रही है। इनके अलावा रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाने के साथ.साथ विद्युतीकरण पर जोर दिया जा रहा है। रेलवे लाइन का दोहरीकरण करने के बाद रेलगाड़ियों को गति मिलेगी। यही स्थिति भिवानी सिटी रेलवे स्टेशन की है। यहां पर भी सुधारीकरण का कार्य चल रहा है।

## आरओबी का मिलेगा तोहफा



भिवानी से महम सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को नव वर्ष 2024 में रेलवे ओवरब्रिज की सौगात मिलेगी। भिवानी रोहतक रेलवे लाइन पर स्थित गांव कालूवास फाटक पर आरओबी का कार्य तीव्र गति से चल रहा हैं, जिसपर अनेक गांवों के लोगों व वाहनों का आवागमन होता हैं और निर्माणाधीन आरओबी के कारण उन्हें काफी समय से भिवानी, गुजरानी से वाया महम जाना पड़ रहा हैं। इस वर्ष आरओबी तैयार होने से उन्हें काफी राहत मिलेगी।

## ऑटो मार्केट से हालवास गांव तक बनेंगी रोड के साथ फुटपाथ



शहर के साथ गांवों को सही ढंग से जोड़ने व यातायात बेहतरीन सुविधा देने की दिशा में भिवानी के ऑटो मार्केट से लेकर गांव हालवास तक की सड़क के साथ में फुटपाथ बनाए जाने की योजना है। हालांकि इस योजना पर कितनी राशि खर्च होगी यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है,लेकिन उक्त मार्ग पर फुटपाथ बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## जलघर को मिलेंगे दो नए टैंक

अगले साल शहर के लोगों को पीने के पानी की किल्लत नहीं झेलनी पड़ेगी। क्योंकि पब्लिक हेल्थ विभाग ने दो नए टैंक बनवाए है। जिनमें पानी का स्टोरेज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। अगले साल के पहले माह में ही इन टैंकों में पानी स्टोरेज करना आरंभ कर दिया जाएगा। इनका निर्माण कार्य मुक्कमल हो चुका है। केवल पाइप फिटिंग का कार्य चल रहा है। इन दो नए टैंक मिलने के बाद भिवानी शहर में पीने के पानी की परेशानी नहीं होगी।



## लोहारू रोड पर बनेगी पंजाबी धर्मशाला



पंजाबी समाज द्वारा विधायक घनश्यामदास सर्राफ के माध्यम से सरकार से पंजाबी धर्मशाला को लेकर मांग उठाई जा रही थी, जिस पर 22 दिसंबर को नगर परिषद की हाऊस मीटिंग में नप चेयरपर्सन प्रीति भवानीप्रताप व डीएमसी अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में लोहारू रोड पर 3600 वर्ग गज जगह अलॉट की गई। मीटिंग के बाद विधायक सर्राफ चंडीगढ़ सीएम हाऊस पर जाकर पंजाबी धर्मशाला के लिए जगह अलॉट करने की स्वीकृत करवाकर लाए। अब नए वर्ष में उम्मीद जताई जा रही हैं कि पंजाबी समाज की लंबे समय से उठ रही मांग पूरी होगी।

## पार्क का होगा जीर्णोद्धार

इस साल भिवानी शहर को जर्जर हो चुके किरोड़ीमल पार्क के दिन भी बहुरने वाले है। किरोड़ीमल पार्क के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो चुका है। वर्ष 2024 के मध्य तक पार्क की चारदिवारी, फुटपाथ व अन्य कार्य पूरे होने की उम्मीद है। इन पार्क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शहर के लोगों को घुमने फिरने के लिए एक नया पार्क मिल जाएगा। अभी तक उक्त पार्क जर्जर हालात में है। अब उसके नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ हुआ है।





## राजकीय कन्या सीनियर सेकंडरी स्कूल लोहड़ की सौगात

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के सामने राजकीय कन्या वमा विद्यालय में सुबह व शाम के सत्रों में करीब तीन हजार लड़कियां शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। स्कूल में लड़कियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने शहर में एक और स्कूल की डिमांड रखी थी। सर्राफ के प्रयास से सरकार से मंजूरी दी और बजट पास कर लगभग बिल्डिंग तैयार करवा दी हैं। डीईओ नरेश महता का कहना हैं कि सेक्टर स्कूल में अस्थायी तौर पर सीनियर सेकंडरी स्कूल चल रहा हैं, जो अप्रैल 2024 नए सत्र में शहीद भगतसिंह चौक पर बनकर तैयार हुए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहड़ के नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा।

## दादरी गेट चौक पर बनेगा संत कबीरदास द्वार

नगर परिषद की 22 दिसंबर को हुई हाऊस मीटिंग में नप चेयरपर्सन प्रीति भवानीप्रताप व डीएमसी अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से शहर के दादरी गेट चौक पर संत कबीरदास के नाम से द्वार बनाने पर सहमति बनी। हाऊस मीटिंग में फैसला लिया गया हैं कि शहर के चौक चौराहों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनने से आने वाली पीढ़ी को इनके जीवन से प्रेरणा मिलेगी तथा इनके द्वारा समाजहित में किए गए संघर्ष से भी रूबरू हो सकेंगे। धानक समाज द्वारा संत कबीरदास चौक व द्वार बनाने की लंबे समय से मांग उठाई जा रही थी।



## बदली जाएंगी 20 हजार स्ट्रीट लाइटें



नए वर्ष में शहर को अंधेरे से निजात दिलाने के लिए 20 हजार स्ट्रीट लाइटें बदली जाएंगी, जिसको लेकर प्वाइंट्स चिहिन्त किए गए है। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने बताया कि शहर में 20 हजार नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इसके अलावा स्ट्रीट लाइटों को आटोमैटिक सिस्टम पर लाया जाएगा, जिससे उनमें टाइमिंग सेट कर सूर्यास्त के समय शाम छह बजे और सूर्योदय के समय सुबह छह बजे लाइटें ऑटोमैटिक चालू व बंद होंगी, जिससे बिजली की बर्बादी भी नहीं होगी तथा शहरवासियों को अंधेरे से निजात मिलेगी।



## आरओबी का मिलेगा तोहफा

दिनोद रोड कृष्णा कॉलोनी फाटक पर निर्माणाधीन आरओबी का कार्य वर्ष 2024 में पूरा होने की उम्मीद हैं, जिससे फाटक पार रहने वाली दर्जनभर कॉलोनियों की हजारों की जनसंख्या को इसका लाभ मिलेगा। वहीं गांव दिनोद, कोहाड़ व बजीणा सहित अनेक गांवों में जाने वाले वाहन चालकों को सरल व सीधा मार्ग मिलेगा, क्योंकि अक्सर फाटक बंद रहने से हजारों की जनसंख्या व अनेक गांवों में जाने वाले वाहन चालकों को सालों से परेशानियां झेलनी पड़ रही थी, जिसको लेकर रेलवे ओवरब्रिज की मांग उठ रही थी।

## खबर संक्षेप

### इंद्रावती के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** गांव चरखी निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जागेराम की धर्मपत्नी 83 वर्षीय इंद्रवाती देवी का निधन हो गया, वे अपने पीछे तीन पुत्र प्रदीप कुमार, सत्यवान, सोमबीर व चार पुत्रियां फुलपति, लीलम, संतोष व रोशनी, पौत्र, पौत्रियों समेत भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं। उनके निधन पर महेन्द्रपाल यादव, धर्मपाल ग्रेवाल, रणवीर सगंवान, सुरेश किराड़ आदि ने शोक जताया।

### शर्मा की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आज

**भिवानी।** केशव लोक सेवा न्यास भिवानी एवं ऋषिप्रकाश शर्मा सेवा ट्रस्ट द्वारा पशुधन विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय ऋषिप्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि पर बजरंगबली कॉलोनी स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय में एक जनवरी को सुबह 11 से दो बजे तक रक्तदान शिविर आयोजन किया जाएगा।

### पॉक्सो एक्ट पर अध्यापकों को दी जाएगी जानकारी

**भिवानी।** उपायुक्त नरेश कुमार आईएएस के मार्गदर्शन में भिवानी जिला बाल संरक्षण ईकाई की ओर से महिला एवं बाल विकास विभाग व शिक्षा विभाग के साथ मिलकर जिले के सभी अध्यापकों को पॉक्सो एक्ट 2012 व किशोर न्याय अधिनियमए 2015 विषय पर जिला व खंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी कड़ी में भिवानी जिले के सभी खंडों व जिला स्तर पर सभी स्कूलों के अध्यापकों की एक कार्यशाला लगाकर स्कूल सेफ्टी की ट्रेंनिंग करवाई जायेगी।

### चुनाव की तैयारियों को लेकर की बैठक

**भिवानी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रविवार को हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सोमदत्त शर्मा ने की तथा संचालन जिला महासचिव विनोद पिंकू ने किया। बैठक का उद्देश्य एसोसिएशन के ब्लॉक स्तरीय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करना रहा। इस दौरान गत तीन वषारे् के कार्यकाल की चर्चा भी की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सोमदत्त शर्मा ने कहा कि हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसि. के ब्लॉक स्तरीय चुनाव 18 से 20 जनवरी तक होंगे।

### तीन सिफ्टो में सप्लाई का नया शेड्यूल जारी करने की मांग

# भेरा के पावर हाउस पर बिजली समस्या को लेकर गरजे किसान

महीने से ट्यूबवेलों की बिजली की सप्लाई तीन शिफ्ट से दो सिफ्ट करने पर मोटरों पर बढ़ा लोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा



बाढड़ा। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रविवार को गांव भेरा के पावर हाउस पर बिजली समस्या को लेकर अनेक किसान सुबह एकत्रित होने शुरू हो गए। इस दौरान किसानों का नेतृत्व किसान सभा सिवानी प्रधान रामकिशन भाकर व तोशाम तहसील प्रधान कर्ण सिंह जैनावास कर रहे थे।

इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए जिला सचिव मास्टर जगरोशन व उप.प्रधान दयानंद पूनिया ने कहा कि पिछले एक महीने से ट्यूबवेलों की बिजली की सप्लाई तीन शिफ्ट से दो सिफ्ट करने पर ट्यूबवेलों मोटरों पर लोड की समस्या बढ़ गई जिसके कारण सैकड़ो किसानों की ट्यूबवेल मोटरे जल गई किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। इससे पहले भी किसानों ने एसडीओ तोशाम व सिवानी को दूरभाष पर सूचित किया था। उन्होंने तीन शिफ्टों में चलाने का आश्वासन दिया था लेकिन यह नहीं हुआ। जिसको लेकर रविवार को अनेक किसान पावर हाउस भेरा पर इकठ्ठे होकर अपना गुस्सा जाहिर किया। जिस पर पावर हाउस पर मौजूद कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों से बातचीत की तथा किसान सभा के नेताओं से बातचीत करवाई इसके उपरांत किसान शांत हुए। कार्यकारी अभियंता ने दूरभाष पर समस्या समाधान करने का आश्वासन दिलाया कि सोमवार यानी 1 जनवरी 2024 से 3 सिफ्टो में सप्लाई का नया शेड्यूल जारी करवा दिया जाएगा। किसान सभा के नेता रणधीर सांगवान, सुखकर्मपाल जागलाण ने कहा कि बिजली का स्थाई समाधान करवाया जाए व लम्बित पड़े ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाएं। इस दौरान महावीर सिढाण, सहीराम सिढाण, अमीर सिंह काजल, बलवीर सिंह, जय सिंह जैनावास, सोमबीर, महावीर सांगवान, सोमवीर जनावा भेरा, सुरेंद्र गुढा, दयानंद कालौद, वजीर घघाला, कर्णसिंह, मांगेराम गुढा, राजकुमार,रामपाल, गुगन,बंटी, कुलदीप भाकर, संदीप गुढा, सुरेंद्र मोहिला, जयपाल मोहिला, सहित अनेक किसान मौजूद थे।



भिवानी। मरीज की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

# हड्डी जांच शिविर का 60 लोगों ने उठाया लाभ

- बदलते समय के बढ़ा बीमारियों का खतरा, समय पर जांच जरूरी : पोपली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बदलते समय के साथ खानपान में पौष्टिकता की कमी व पर्यावरण प्रदूषण के साथ लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता देखा जा रहा है, ऐसे में इन बीमारियों से बचने के लिए समय-समय पर अपने शरीर की जांच करवाना बहुत जरूरी है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जामपुर सेवा समिति द्वारा कृष्णा कॉलोनी स्थित डॉ. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में हर माह के आखिरी रविवार को हड्डी जांच शिविर में 60 मरीजों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी हरनाम सिंह गाड्डी व सुरेश कुमार ने रिबन काटकर किया। शिविर में मशीन द्वारा हड्डियों की संपूर्ण जांच व फिब्रो स्कैन विधि द्वारा की गई। शिविर में कल्याणी अस्पताल गुरूग्राम से डॉ. विक्रांत खन्ना ने अपनी सेवाएं दी।

# कर्मचारी व गेस्ट टीचर सरकार को सिखाएंगे सबकः नाफरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



- अतिथि अध्यापकों पर बरबतार्पूरबक लाठीचार्ज करने की निंदा

यमुनानगर में शिक्षामंत्री के निवास के घेराव के दौरान शिक्षा मंत्री के इशारे पर धरना दे रहे अतिथि अध्यापकों पर बरबतार्पूरबक लाठीचार्ज करने की कार्रवाई की राजकीय अध्यापक संघ सख्त शब्दों में निंदा करता है और अतिथि अध्यापकों के प्रधान राजेंद्र शास्त्री व उनके साथियों को लाठी चार्ज के दौरान आई गंभीर चोटों पर गहरी संवेदना प्रकट करता हैं, ये बात हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता जयबीर नाफरिया ने कही। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाले समय में ये कार्रवाई सरकार के लिए बड़ा नुकसान पैदा करेगी। ऐसी कार्रवाई को लोकतंत्र में किसी भी प्रकार से मान्य नहीं किया जा सकता। प्रदेश का प्रत्येक कर्मचारी व गेस्ट टीचर आने वाले समय में इस सरकार को गहरा सबक सिखाएंगे। राजकीय अध्यापक संघ संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ गेस्ट टीचर की प्रत्येक मांग का समर्थन करता हैं और उनके संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होगा।

# पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई

- जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा दीक्षा को समर्पित रहे अतरसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। अतर सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते महंत चरणदास महाराज, सावित्री यादव । फोटो : हरिभूमि

विवेकानंद हाई स्कूल हनुमान ढाणी में विद्यालय के संस्थापक अतरसिंह यादव का समवर्ती दिवस पर्यावरण व शिक्षा को समर्पित मनाया। इस अवसर पर पर्यावरण को समर्पित यज्ञ हवन एवं पौधरोपण किया। इस मौके पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने संकल्प लिया। इस अवसर पर महंत चरणदास महाराज का सानिध्य रहा। वहीं सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षाप्रद टिप्स दिए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को पानी एवं पर्यावरण संरक्षण तथा नशे से दूर रहने की अपील की। विद्यालय संचालिका सावित्री यादव ने कहा कि स्लैम बस्तियों के अभिभावकों को समर्पित रहा और स्वर्गीय यादव ने पांच विद्यार्थी स्लम बस्ती, झुग्गी झोपड़ी से लिए और उन्हें शिक्षा दीक्षा देने का काम किया, आज ये विद्यालय वट वृक्ष के रूप में खड़ा हैं और हजारों बच्चों को शिक्षा दीक्षा दे रहा हैं। वहीं यादव की याद में 51 बेटियों को निःशुल्क शिक्षा दीक्षा दी।

# गांव मैहड़ा में युवा प्रतिभा सम्मान समारोह में होनहार सम्मानित

**चरखी दादरी।** वंचित जन जागृति ट्रस्ट, आयुष विभाग एवं आर्य वीर दल के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी सच्चिदानंद के नेतृत्व में आज गांव मैहड़ा में युवा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी प्रकार योग एवं सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले युवकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य ने बताया कि व्यायाम शाला के बच्चों ने पिछले दिनों योग के विभिन्न स्पर्धा में अव्वल स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार सामाजिक क्षेत्र में भी बच्चों ने विशेष सहयोग किया है। उनकी सेवा भावना एवं योग के प्रति उनकी रुचि को बढ़ाने के लिए आज स्वामी सच्चिदानंद महाराज व ग्रामीणों की उपस्थिति में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र.छात्राओं में ज्योति, मुस्कान साक्षी एप्रीति, नेहा, स्नेहा ,दीपिका सोम,पलक हिमांशु ,दीपांशु, मनदीप मनोज ,संजीव, हैप्पी, देव इत्यादि प्रमुख रहे । सामाजिक क्षेत्र में विशेष सहयोग करने वाले विनोद जांगड़ा, पंचायत प्रतिनिधि महावीर प्रजापत व कृष्णा देवी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### मानव श्रृंखला बनाकर नए साल का खास अंदाज में किया स्वागत

**भिवानी।** नव वर्ष 2024 के स्वागत में लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एमडी पवन गोयल व भावना गोयल के निर्देशन में मानव श्रृंखला बनाकर जोर-शोर से नए साल का स्वागत किया। सभी बच्चों व अध्यापकों ने भी एक दूसरे को नए साल की अग्रिम बधाई दी। महासचिव संजय गोयल, प्रबंधक सतीश गोयल, सीमा गोयल व निदेशक राम सिंघल, ऐश्वर्या सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल, प्राचार्य दीपक जोशी, उप-प्राचार्य बसंत मुद्‌गिल ने सभी को नए साल का संदेश व बधाई दी। इस अवसर पर श्याम सुन्दर शर्मा, महेश, सोनिया, रश्मि, अमित आदि उपस्थित था।



भिवानी। वेलकम 2024 में शामिल विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### वार्ड 13 के बूथ नंबर 58, 59 व 60 पर सुनीं पीएम मोदी की मन की बात

**भिवानी।** वार्ड नंबर 13 के दादरी गेट ढाणा रोड गली नंबर 9 में बूथ नंबर 58, 59 व 60 के क्षेत्रावासियों ने बूथ प्रमुख भगवानदास कालिया व छह बूथों के शक्ति केन्द्र प्रमुख कमल किशोर बंधु के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात को बड़े उत्साह के साथ सुना। बूथ प्रमुख भगवान दास कालिया व कमल किशोर बंधु ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर कमलेश, शारदा, शोकी सत साहेब, राज इंदौरा, सावित्री नागर, प्रवेश इटकान, सन्नी इटकान, कमलेश चावला, नोनी चावला, सज्जन खटीक, राकेश, संजना चावला, ओमी मुंगीया, कृष्ण नागर, अर्जुन इटकान, प्रहलाद सोलंकी, साधू डाबला, सतीबर कोच रेलवे आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। पीएम मोदी की मन की बात सुनते लोग। फोटो : हरिभूमि

# 600 महिलाओं को सम्मानित किया

- मातृशक्ति के मान-सम्मान के लिए हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहूंगा : रतेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। महिला सम्मान समारोह में मंचासीन हसमुख चौधरी, मास्टर सतबीर रतेरा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

परिवर्तन मंच द्वारा महिला सम्मान समारोह आयोजित कर नववर्ष एवं मकर संक्रांति पर लगभग 600 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाजसेविका एवं पूर्व जिला पार्षद रविता सतबीर रतेरा ने की, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा प्रभारी हसमुख चौधरी एवं हल्का बवानीखेड़ा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मास्टर सतबीर रतेरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हल्का बवानीखेड़ा में महिलाओं के सम्मान में इतना बड़ा और अनोखा आयोजन पहली बार देखने को मिला, जिसमें कड़ाके की ठंड के बावजूद अनेक गांवों से मातृशक्ति ने इतनी भारी संख्या में हिस्सा लिया। समारोह में पहुंची महिलाओं को रानी लक्ष्मीबाई का चित्र एवं गर्म कंबल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर चौधरी ने कहा कि परिवर्तन मंच ने मास्टर रतेरा और रविता रतेरा के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण एवं समाजसेवा की दिशा में जो कार्य शुरू किया गया है वो अत्यंत ही गर्व का विषय है। कांग्रेस के लिए महिला सशक्तिकरण केवल एक चुनावी नारा नहीं है, बल्कि विश्वास है।



बाढ़ड़ा। रक्तदाताओं को सम्मानित करते सांसद। फोटो : हरिभूमि

### रक्त का कोई विकल्प नहींः सांसद

**बाढ़ड़ा।** रक्त को कोई भी दूसरा विकल्प हमारे सामने मौजूद नहीं है। रक्त को ना ही कृत्रिम तौर पर और ना ही प्राकृतिक तौर पर तैयार किया जा सकता है। रक्त केवल रक्तदाताओं द्वारा दान करने से ही मिल सकता है और रक्तदाताओं द्वारा दान किया हुआ रक्त जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान कर सकता है। इसलिए रक्तदान को महादान भी कहा जाता है। ये बात भिवानी.महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने गांव जीतपुरा में जोतराम धाम पर धर्मसेना द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बलवान सिंह आर्य की अध्यक्षता में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कही। कार्यक्रम में पहुंचने पर शिविर संयोजक भक्त सत्यवान श्योराण ने सांसद व धर्मसेना पदाधिकारियों का स्वागत किया। सांसद धर्मबीर सिंह से संबोधित करते हुए कहा कि कुछ समय पहले देखने में आता था कि जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता था और रक्त के अभाव में वह अपने प्राण त्याग देता था।

# 'बूथ स्तर पर संगठन को करें मजबूत'

- प्रहलादगढ़ में कांग्रेस मंडलम की मीटिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम को संबोधित करते संदीप सिंह, मंचासीन दिनेश सिंह व अन्य।

आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में केंद्र और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लाने के लिए चौक-चौराहों पर पार्टी की नीतियों को मजबूती से रखें। संगठन के नेता जनता के बीच समस्याओं को संकलन करें और समाधान करें। हर हाल में पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपस में संवाद कर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें, गांव का दौरा करें और जनता का काम करें। ये बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जिला ऑब्जर्वर दिनेश सिंह ने रविवार को पूर्व सरपंच सूबेसिंह और जिला प्रवक्ता ईश्वर शर्मा द्वारा प्रहलादगढ़ कांग्रेस मंडलम की मीटिंग को संबोधित करते हुए कही। दि ने श सिंह संगठन को ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए लगातार जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के गांव-गांव प्रचार कर रहे हैं। एआईसीसी सदस्य संदीप सिंह ने कहा कि जनता का रुझान व समर्थन कांग्रेस की तरफ है और प्रदेश के लोग कांग्रेस को ही अब विकल्प के तौर पर देख रहे हैं। पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार में प्रदेश का हर वर्ग त्रस्त है। इस मौके पर कुलवंत कोंटिया, पूर्व बीईओ तकदीर ग्रेवाल, कमल सिंह पंच चांग, राकेश शर्मा, धीरज अखरिया, सरपंच ओमप्रकाश, अजमेर गोयत, एडवोकेट सूर्यप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### प्रजापति समाज ने टीबड़ेवाल सभागार में प्रतिभा सम्मान करवाया

# किसी भी समाज की उन्नति का आधार होती है शिक्षाः गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर सिंह गंगवा।

टिबड़ेवाल सभागार में रविवार को प्रजापति समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर सिंह गंगवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर आईसीईआरटी चेयरमैन संदीप सिंहमार व विशिष्ट अतिथि कृषि विभाग के एडीओ अमित कुमारए भिवानी डाक अधीक्षक संजय कुमार, सैक्शन ऑफिसर जितेंद्र कुमार व भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश श्रीवाल पहुंचे। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता श्रीदक्ष प्रजापति महासभा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मबीर ठेकेदार ने की तथा स्वागाध्यक्ष नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन मामनचंद प्रजापति रहे। मंच का संचालन आशीष प्रजापति ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में अर्जुन प्रजापति, बबलू प्रजापति, आशीष प्रजापति व रत्न तंवर की टीम ने सराहनीय कार्य किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गंगवा ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह से प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन होता है। इसीलिए समय.समय पर इस प्रकार के आयोजनों का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज की उन्नति का आधार होती है। प्रति स्पर्धा के इस दौर में बच्चों को उच्च और तकनीकी शिक्षा देना जरूरी है, जिस पर सरकार भी जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनके बारे में जानकारी होना जरूरी है, जरूरतमंद लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश विकास के नए आयाम छू रहा है। देश ने अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा और साख को फिर से हासिल किया है। आज पूरी दुनिया की नजर भारत पर टिकी हैं। हम हर मामले में आत्म निर्भर बन रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में प्रजापति समाज उन्नति कर रहा है।

#### ये हुए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान एचसीएस अमन वर्मा ईटीओ, रवि तहसीलदार, उपेंद्र प्रजापति सब इंस्पेक्टर, धीरज प्रजापति सब इंस्पेक्टर, रोहित प्रजापति सब इंस्पेक्टर,विकास सब इंस्पेक्टर, उमेद निंबीवाल सरपंच शमसावास, शीशपाल झांझड़ा श्योरण सरपंच, सरपंच इंद्र फौजी नौरंगाबाद, संदीप प्रजापति फूलपुरा, महेंद्र प्रजापति सरपंच बौंद, रमेश प्रजापति सरपंच गोलपुराए,नरेंद्र प्रजापति सरपंच सिकंदरपुर, पार्षद नवीन प्रजापति,पार्षद विनोद सिंहमार, कलाकार सुनील कुमार जालंधरा, वेटलिफ्टिंग कोच विनोद प्रजापति, दिनेश प्रजापति, पर्यावरणविद ब्रिजेश जावला, पर्यावरण विद विद्या देवी, राष्ट्रपति अवॉर्डी पेंटर दीपक बेरला, लिंका बुक ऑफ वर्ल्ड अवॉर्डी राजेश गंगवा, शिक्षाविद् राहुल प्रजापति को सम्मानित किया गया।




नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** भारती जिम, उड़ान जन सेवा ट्रस्ट एवं युवा साथी ग्रुप हरियाणा के संयुक्त प्रयासों से युवा साथी ग्रुप हरियाणा के चौथे स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता यादव धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें हरियाणा स्टेट के लगभग 180 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर भारती जिम संचालक रवि भारती ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 40 से 50 किलोग्राम कैटेगरी में अभिषेक महेंद्रगढ़ प्रथम, विनय नारनौल द्वितीय व सुमित तृतीय स्थान पर रहा। वहीं 50 से 60 की कैटेगरी में रविंद्र कुमार प्रथम, सचिन सैनी नारनौल द्वितीय व विकास तृतीय स्थान पर रहा। इसके अलावा 60 से 70 की कैटेगरी में विश्वजीत कनीना प्रथम, विकास दहिया द्वितीय, राइस सैनी महेंद्रगढ़ तृतीय स्थान पर रहा, जबकि 70 से 80 किलोग्राम कैटेगरी में धर्मेंद्र भारती जिम नारनौल प्रथम, अरविंद द्वितीय स्थान पर रहा।

# हनुमान जोहड़ी मंदिर में सुना पीएम की मन की बात कार्यक्रम का 108वां संस्करण



भिवानी। पप्पू का सेवानिवृति पर अभिनंदन करते एससी आयोग वाइस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## 39 साल की सेवा के बाद चालक पप्पू सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग में 39 वर्षों की सेवा करने उपरांत पप्पू सिंह चालक के पद से सेवानिवृत्त हो गए, उनकी सेवानिवृत्ति पर रविवार को फ्रैंड्स कॉलोनी में समारोह का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्यतिथि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बडगुज्जर ने शिरकत की। मुख्यतिथि का उपस्थित लोगों ने फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर ने कहा कि पप्पू सिंह ने सदैव पूरी निष्ठा व समर्पित भावना से संस्थान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उनके सराहनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पप्पू सिंह ने सेवाकाल के दौरान अपने दायित्वों का पूरी गंभीरता से पालन किया। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता रवि राय, सूबेसिंह सभ्रवाल, अश्विनी, सतवीर सिंह सभ्रवाल, बलबीर सिंह, अधिवक्ता अजय सभ्रवाल, राकेश, इंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

■ आमजन को समाज व राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करना मन की बात कार्यक्रम का उद्देश्य : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम ने भारत का भारत से परिचय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का उद्देश्य अच्छे कार्यों की सराहना कर अन्य लोगों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना है।

सांसद धर्मबीर सिंह रविवार का हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 108वें संस्करण को सुन रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सावित्रीबाई फूले को याद किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मन की बात कार्यक्रम के इस ऐपिसोड में प्रधानमंत्री का फोकस शिक्षा के अलावा स्वास्थ्य, संस्कृति पर रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनने का आयोजन युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले बालयोगी महंत चरणदास के सान्निध्य में आयोजित हुआ। मन की बात कार्यक्रम सुनने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए लोगों का भरोसा जीता है। भरोसा एक ऐसी चीज है,जो अपने आप नहीं आती, इसे कमाना पड़ता है और पीएम मोदी ने लोगों को ये भरोसा कमाया है। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को समाज व राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भारत की राजनीति में ऐसा पहली बार हुआ है जब कि एक व्यक्ति द्वारा शुरू किए गए साधारण से कार्यक्रम ने ऐतिहासिक रूप लिया हो तथा जिसे देश के प्रत्येक व्यक्ति ने अपनाया हो। इस मौके पर बालयोगी महंत चरणदास ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह मुहिम सराहनीय है। इस मौके भाजपा स्वच्छता विभाग के जिला संयोजक रमेश सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जनता से अहम मुद्दों पर चर्चा करते है तथा अपने विचार रखते है तथा उन्हें सलाह भी देते हैं। वे बताते हैं कि भविष्य को कैसे देखते हैं और उसमें किस तरह जनता का सहयोग चाहते हैं। साथ ही इस कार्यक्रम के जरिए समाज व राष्ट्रहित में सराहनीय कार्य करने वालों का मनोबल भी बढ़ाते है, जिसके परिणाम स्वरूप उनसे प्रेरित होकर बहुत से युवा ऐसे ह, जो समाज हित के कार्यों में रुचि लेते हैं। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह, जिला विस्तारक राममेहर लोहान, विस्तारक साहिल,विनोद चावला, पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार, विजय शमा, राहुल शर्मा, हनुमान ढ़ाणी से प्रधान नरेश सैनी, पार्षद पवन सैनी, विजय दहिया ठेकेदार, रोशनलाल, रामअवतार शर्मा, धीरज सैनी, राजकुमार सैनी, रमेश पेचरवाल, नरेश मोकरवाल, बलवान सिंह तालु, सुशील गुप्ता, पूजा यादव आदि मौजूद रहे।



भिवानी। हनुमान जोहड़ी धाम में पीएम मोदी की मन की बात सुनते सांसद धर्मबीर सिंह व विधायक घनश्याम सर्राफ।

## दस लाख रुपये की राशि से होंगे गाँव लेघा में विकास कार्यः मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

■ चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कमरा बनवाने और पानी का टैंकर देने की घोषणा की

रविवार को जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक का क्षेत्र के गाँव लेघा में पहुँचने पर ग्रामीणों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे के तहत देश व प्रदेश में कार्य कर रहे हैं। इसी विश्वास के तहत बड़ी बहन सुधा यादव व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने ये चेयरमैनी तोशाम हलके के विकास के लिए दी है। इस दौरान उन्होंने गांव में कमरा बनवाने और एक पानी का टैंकर देने की घोषणा की। इस मौके पर मलिक ने विधायक किरण चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोटी कलम वाली कभी भी आप लोगो के बीच में नहीं आती अब चुनाव में किसी की काण मुकाण में जाकर उसकी फोटो भी फ़ेसबुक पर डालती है। उसने उसने तोशाम को विकास के मामले में 20 साल पीछे धकेलने का काम किया है।






## माउंट आबू से आए नशा मुक्त भारत अभियान के रथ ने किया नशा नहीं करने के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

■ उपमंडलाधीश ने हरी झंडी दिखाकर गांव-गांव में सेवार्थ रवाना किया था

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउन्ट आबू से नशामुक्त भारत अभियान का सुसज्जित रथ गत 24 दिसम्बर को तोशाम में पहुँचा था जिसको उपमंडलाधीश मनोज दलाल ने हरी झंडी दिखाकर गांव.गांव में सेवार्थ रवाना किया था। इसमें एक तरफ कुम्भकर्ण की झाँकी तथा दूसरी तरफ नशा मुक्त होने की विडियो दिखाई जा रही है।

इस रथ द्वारा करीबन एक सप्ताह में क्षेत्र के अनेक गांव बागनवाला, खानक, भुरटाना, जमालपुर, सागवन, दांग, बजीना, ढाणी माहू, इंदिवाली, संडवा तथा तोशाम शहर के अनेक मोहल्लों में जाकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान और उससे मुक्त होने के लिए राजयोग की प्रेरणा दी गई। साथ ही नशा मुक्ति के विडियो कई स्कूलों तोशाम के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, कैप्टन हाई स्कूल, नवयुग स्कूल, बजीना के सरकारी स्कूल व ढाणी माहू के यदुवंशी शिक्षा निकेतन द्वारा संचालित संत रोशन लाल विद्या मंदिर विद्यालय में नशा मुक्ति के विडियो व कुम्भकर्ण की झांकी दिखाकर प्रेरणा दी गई। जिसे वहां के अध्यापकगणों ने बहुत अच्छा सराहनीय कार्य बताया। इस दौरान बच्चों को प्रोग्राम के माध्यम से प्रेरणा मिली। जिस पर विद्यालय के अध्यापकगणों ने कहा कि समाज में ऐसे विचारों के संदेश देने की बहुत जरूरत है। ये संदेश ही देश को नया मोड़ देने में मुख्य भूमिका निभाएंगे। स्कूली बच्चों को राजयोग का अभ्यास भी करवाया व सिखाया गया।

### ये रहे मौजूद

इस रथ यात्रा में तोशाम सेवा केंद्र की संचालिका बीके मंजू के अलावा माउन्ट आबू से रथ के साथ बीके अरुण, बीके सोमेन, बीके बृज, बीके विकास के साथ बीके रामेश्वर, आत्म, नरेश व बीके चन्द्रकला, बीके रोशनी आदि मौजूद रहे।





